प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

.

झारखंड उच्च न्यायालय ने आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत दे दी। उच्च न्यायालय ने सोरेन की जमानत याचिका पर तेरह जून को अपना निर्णय सुरक्षित रखा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के मामले की जांच के सिलसिले में इस वर्ष इकत्तीस जनवरी को गिरफ्तार किया था। अड़तालीस वर्षीय सोरेन इस समय रांची की बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं।

****

नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं पर आज विपक्ष के विरोध के बाद लोकसभा को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया है। पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब सदन की बैठक शुरू हुई तो कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों को समझाने का प्रयास किया लेकिन विपक्ष का शोरगुल जारी रहा। इसके बाद स्पीकर ने दिन भर के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। उधर, राज्यसभा में एनटीए मुद्दे पर हंगामा जारी है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति माईगोव वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

****

नीट यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग में सीबीआई की टीम की जांच आज चौथे दिन भी जारी है। चरही के सीसीएल गेस्ट हाउस को सीबीआई ने अपना कैंप कार्यालय बना रखा है। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल, टोंटो चालक और कूरियर कर्मी से आज भी पूछताछ की जा रही है।

****

झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स के निदेशक एवं भवन निर्माण के प्रबंध निदेशक मनीष रंजन आज हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। इन अधिकारियों ने रिम्स के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी कोर्ट को दी। कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत में अब इस मामले की विस्तृत सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

****

हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्यों को अंजाम देने का निर्देश दिया। उन्होंने तत्काल प्रभाव से अवैध खनन और बालू उठाव के मामलों पर प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की हिदायत दी।

****

देवघर में पुलिस जवानों के लिए छह सौ पचहत्तर बैरक तैयार किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय के के सिंह की जयंती के अवसर पर आज जमशेदपुर के साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि ओड़िसा के राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। मौके पर उन्होंने लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जब मानव शरीर मिला है, तो घर परिवार के साथ–साथ हमें समाज के लिए भी कुछ करना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

****

पश्चिम सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के जामडीह–कोचड़ा के बीच आज सुबह एक बस ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। दोनों मृतकों की पहचान चाईबासा निमडीह निवासी के रुप में हुई है। उधर, पलामू जिले में भी रमकंडा–डालटनगंज मुख्य मार्ग पर रामगढ़ थाना क्षेत्र की तेलमरवा घाटी में आज सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए और मुख्य सड़क को शव के साथ जाम कर दिया।

****

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में पिछले कुछ हफ्ते से कमजोर पड़ा मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में हलचल होने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के तेजी से बढ़ने के कारण अगले एक–दो दिन में राज्य में मॉनसून की बारिश होने लगेगी। मौसम विभाग ने आज भी रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

*****समाप्त********